भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 917
जिसका उत्तर 04 फरवरी, 2026 को दिया जाना है ।
15 माघ, 1947 (शक)

समृद्ध कार्यक्रम

917. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः
श्री बस्तीपति नागराजूः

क्या इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान 'समृद्ध' कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष-वार और राज्य-वार कितने एक्सीलरेटरों ने अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत की है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य-वार कुल कितने एक्सीलरेटरों का चयन किया गया है;
(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान इन एक्सीलरेटरों के कार्य-निष्पादन को बनाए रखा है;
(घ) यदि हां, तो चयनित एक्सीलरेटरों द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत सहायता प्रदान किए गए स्टार्ट-अप की सूची क्या है;
(ङ) क्या सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत एक्सीलरेटरों को निधि प्रदान की जाती हैं; और
(च) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान एक्सीलरेटरों को कितनी निधि आवंटित और संवितरित की गई है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (च): उत्पाद नवाचार, विकास और वृद्धि के लिए एमईआईटीवाई का स्टार्टअप एक्सेलेरेटर (समृद्ध) कार्यक्रम, हेल्थ-टेक, एड-टेक, एग्री-टेक, कंज़्यूमर-टेक, फिन-टेक, सॉफ्टवेयर ऐज़ ए सर्विस (एसएएएस) और सस्टेनेबिलिटी जैसे क्षेत्रों में मौजूदा और आगामी एक्सेलेरेटरों के माध्यम से लगभग 300 स्टार्टअप्स को गति देने का लक्ष्य रखता है। समृद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत 186 एक्सेलेरेटरों ने अभिरुचि अभिव्यक्ति प्रस्तुत की, जिसके परिणामस्वरूप 16 राज्यों में फैले 43 शीर्ष एक्सेलेरेटरों का चयन किया गया है। (राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है)।

डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन (डीआईसी) के तहत एमईआईटीवाई स्टार्ट-अप हब (एमएसएच) एक्सेलेरेशन कार्यक्रम के मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के आधार पर चयनित एक्सेलेरेटर के प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन करता है, जो वार्षिक आधार पर समर्थित स्टार्टअप के राजस्व और मूल्यांकन वृद्धि को भी ट्रैक करता है।

समृद्ध कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार, चयनित एक्सेलेरेटरों को प्रति स्टार्टअप 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करता है, साथ ही स्टार्टअप्स को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग प्रदान करता है। चयनित और एक्सेलेरेटेड 373 स्टार्टअप में से 241 ने मैचिंग फंडिंग हासिल की है। पिछले पांच वर्षों में एक्सेलेरेटेड, वित्त पोषित और वितरित किए गए स्टार्टअप्स का एक्सेलेरेटर-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

******

अनुबंध–I

क्र. सं.	राज्य	ईओआई प्रस्तुत करने वाले एक्सेलेरेटरों की संख्या	चयनित एक्सेलेरेटरों की संख्या	एक्सेलेरेट किए गए स्टार्टअप्स की संख्या	वित्त पोषित स्टार्टअप्स की संख्या	आईएनआर करोड़ में वितरित धनराशि
1	आंध्र प्रदेश	7	1	5	5	1.81
2	असम	3	0	-	-	-
3	बिहार	5	0	-	-	-
4	छत्तीसगढ़	3	0	-	-	-
5	दिल्ली	13	2	31	28	11.42
6	गोवा	3	1	14	6	2.37
7	गुजरात	12	2	13	6	2.36
8	हरियाणा	6	3	28	20	7.54
9	हिमाचल प्रदेश	2	0	-	-	-
10	जम्मू और कश्मीर	1	0	-	-	-
11	कर्नाटक	25	8	69	40	15.77
12	केरल	5	2	21	13	4.95
13	मध्य प्रदेश	3	1	6	5	1.72
14	महाराष्ट्र	20	4	26	12	5.14
15	ओडिशा	3	1	16	13	5.07
16	पंजाब	5	0	-	-	-
17	राजस्थान	13	3	19	17	5.68
18	सिक्किम	1	1	6	1	0.52
19	तमिलनाडु	18	3	35	25	9.75
20	तेलंगाना	22	5	34	17	7.23
21	उत्तर प्रदेश	10	4	35	27	9.91
22	उत्तराखंड	4	0	-	-	-
23	पश्चिम बंगाल	2	2	15	6	2.50
	कुल	**186**	**43**	**373**	**241**	**93.75**

*****